# भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद्
# सूचना-पत्र
# INDIAN COUNCIL FOR CULTURAL RELATIONS
# NEWSLETTER

वर्षगांठ अंक Anniversary Issue    जनवरी-फरवरी 2015 January - February 2015


## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भा.सां.सं.प. के अन्तर्राष्ट्रीय रामायण मेले का उद्घाटन











**प्रधानमंत्री** श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 फरवरी, 2015 को फिक्की ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में भा.सां.सं.प. के अन्तर्राष्ट्रीय रामायण मेले का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि जिन देशों में गौतम बुद्ध, राम और रामायण उनकी अपनी संस्कृति का हिस्सा हैं उनका भारत से जुड़ाव है जो राजनयिक संबंधों को मज़बूत बनाता है। उन्होंने कहा कि साफ्ट पावर के क्षेत्र में भारत विश्व को बहुत कुछ दे सकता है। रामायण के एक पात्र जटायु, जिसने एक औरत के सम्मान की रक्षा के लिए निडरतापूर्वक संघर्ष किया था, का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि रामायण का संदेश आज भी प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रकार एक आदर्श समाज के प्रत्येक पहलू के पीछे रामायण का ज्ञान है। उन्होंने आगे कहा कि हमें इस विचार को बदलना है कि दिल्ली के साथ सम्बंध हैं तो भारत के साथ संबंध है क्योंकि भारत एक विशाल और विविधतापूर्ण देश है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय रामायण मेला भारत के छोटे कस्बों और शहरों को जोड़ने की सकारात्मक पहल है जो वास्तव में असली भारत को जोड़ता है। इस अवसर पर विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज, अध्यक्ष, भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद्, प्रो. लोकेश चन्द्र, महानिदेशक, भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद, श्री सतीश चन्द मेहता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## Prime Minister Shri Narendra Modi inaugurated the ICCR's International Ramayana Mela

**Prime** Minister Shri Narendra Modi inaugurated ICCR's International Ramayana Mela at FICCI Auditorium, New Delhi, on 23 February 2015. In his inaugural speech, Prime Minister said that all countries that have Gautam Buddha, Ram and Ramayana as part of their own culture have bond with India that transcends diplomatic ties. In the domain of soft power, he said, India has a lot to offer to the world. Giving the example of Jatayu in Ramayana as a character who strove to protect a woman's honor with fearlessness. He said that the message of Ramayana remains relevant today. The Prime Minister said that the Ramayana, thus, held the wisdom behind every aspect of an ideal society. He added that we need to overcome the view that connection with Delhi is connection with India, as India is a large and diverse nation. In this respect, he said, that the International Ramayana Mela is a positive beginning for connecting with small towns and cities of India, thus truly connecting with the real India. External Affairs Minister, Smt. Sushma Swaraj, President, ICCR, Prof. Lokesh Chandra, Director General, ICCR, Shri Satish C Mehta and other dignitaries were present on the occasion.



**श्रीमती** सुषमा स्वराज ने अपने स्वागत भाषण में रामायण के महत्व पर बल देते हुए अन्तर्राष्ट्रीय रामायण मेला के विचार को रेखांकित किया और कहा कि इस मेले में भाग ले रही कंबोडिया, फिजी, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और मेजबान देश भारत सहित आठ देशों की मंडलियां दिनांक 24-27 फरवरी, 2015 तक भारत के 14 विभिन्न शहरों अर्थात् अहमदाबाद, इलाहाबाद, अयोध्या, भोपाल, चन्डीगढ़, चेन्नई, चित्रकूट, दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, नोयडा, पटना और वाराणसी में प्रस्तुति कर रही हैं।

**Smt**. Sushma Swaraj, stressing the significance of Ramayana in her welcome address, underlined the idea behind the International Ramayana Mela and said that troupes from 8 countries including Cambodia, Fiji, Indonesia, Malaysia, Singapore, Thailand, Trinidad & Tobago and host country India were participating in the Mela are performing in 14 different cities of India from 24 -27 February 2015 namely Ahmedabad, Allahabad, Ayodhya, Bhopal, Chandigarh, Chennai, Chitrakoot, Delhi, Jaipur, Kolkata, Lucknow, Noida, Patna and Varanasi.





## 'भारतीय प्रवासी और सांस्कृतिक विरासत: अतीत, वर्तमान और भविष्य' विषय पर सम्मेलन का आयोजन



**भारतीय** सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् द्वारा 11-13 फरवरी, 2015 तक 'भारतीय प्रवासी और सांस्कृतिक विरासत: अतीत, वर्तमान और भविष्य' विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। विदेश मंत्री, श्रीमती सुषमा स्वराज ने अपने उद्घाटन भाषण में भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जिंदा और जीवंत बनाए रखने के लिए विदेशों में बसे भारतीयों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। भारतीय विरासत की निरंतरता के बारें में फिजी और मॉरीशस के अपने अनुभवों का वर्णन करते हुए उन्होंने विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के असली सांस्कृतिक राजदूत समझने के महत्व पर बल दिया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के अध्यक्ष प्रो. लोकेश चन्द्र ने की। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् भारतीय प्रवासियों के संबंध में ऐसा सम्मेलन पहली बार आयोजित कर रही है। अपने विद्वत प्रवचन में उन्होंने विश्व की अन्य सभ्यताओं पर भारत के प्रभाव और विदेशों में भारतीय संस्कृति की रक्षा और संवर्धन के लिए भारतीय प्रवासियों द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में भी संक्षेप में बताया। कुछ आमंत्रित अतिथियों के अतिरिक्त भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् के महानिदेशक, श्री सतीश चन्द मेहता, सम्मेलन के शैक्षिक संयोजक प्रो. कपिल कुमार, भारत में फिजी के उच्चायुक्त महामहिम श्री योगेश जे. करन और भारत तथा विदेशों से आये विद्वानों और गणमान्य व्यक्तियों ने उद्घाटन सत्र को सुशोभित किया। भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् द्वारा आयोजित अपनी तरह के इस पहले सम्मेलन में 13 देशों के 43 विद्वानों ने भाग लिया, जिनमें से 19 प्रतिनिधि भारत से बाहर के थे जिन्होंने 11 प्रमुख विषयों पर संबोधन और विषय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर 29 शोधपत्र प्रस्तुत किए। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों पर कई महत्वपूर्ण सिफारिश और सुझाव भी दिए गए।

## Conference: 'Indian Diaspora & Cultural Heritage: Past, Present & Future'

**A** three – day International Conference on 'Indian Diaspora & Cultural Heritage: Past, Present & Future' was organized by ICCR from 11 – 13 February 2015. Smt. Sushma Swaraj, Minister for External Affairs, in her inaugural address, appreciated the efforts being made by Indian Diaspora to keep the Indian cultural heritage alive and vibrant. Narrating her own experiences from Fiji and Mauritius about the continuity of the Indian heritage she emphasized the importance of understanding the Indian Diaspora for they are the real cultural ambassadors of India. The inaugural function was presided over by Prof. Lokesh Chandra, President, ICCR. In his address he pointed out that this was for the first time ICCR was organizing such a conference on Indian Diaspora. In his scholarly discourse he summarized the history of Indian influence on other civilizations of the world and role played by Indian Diaspora to protect and promote Indian culture abroad. Besides a few invited guests, Shri Satish C Mehta, DG, ICCR, Prof. Kapil Kumar, Academic Coordinator of the Conference, H.E. Mr. Yogesh J. Karan, High Commissioner of Fiji to India and scholars and dignitaries from India and abroad adorned the inaugural session. The conference, the first of its kind organized by ICCR, was attended by 43 scholars from 13 countries. Delegates, of whom 19 were from outside India, delivered 11 key note addresses and presented 29 papers on multifarious issues related to the topic. Certain very useful recommendations and suggestions followed out of the presentations by experts from diverse fields.

## मौलाना अबुल कलाम आजाद की 57वीं पुण्यतिथि



**इस** वर्ष परिषद् ने 22 फरवरी, 2015 को मौलाना अबुल कलाम आजाद की 57वीं पुण्यतिथि मनाई । अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. नजमा हेपतुल्ला, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के उपमहानिदेशक, श्री दिनकर अस्थाना और अन्य गणमान्य अतिथियों ने मौलाना अबुल कलाम आजाद की मज़ार पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

## 57th Death Anniversary of Maulana Abul Kalam Azad

**This** year the Council commemorated the 57th Death Anniversary of Maulana Abul Kalam Azad on 22 February 2015. Dr. Najma Heptulla, Minister of Minority Affairs, Deputy Director General, ICCR Shri Dinkar Asthana and other distinguished guests offered floral tribute at the Mazaar of Maulana Abul Kalam Azad.

## भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् के शासी निकाय और साधारण सभा की बैठकें

**भारतीय** सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् के शासी निकाय और साधारण सभा की बैठकें 17 फरवरी, 2015 को भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् के नए अध्यक्ष प्रो. लोकेश चन्द्र की अध्यक्षता में आजाद भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई । नए सदस्यों श्रीमती किरन खेर, संसद सदस्य (लोकसभा), श्री सिध्दांत महापात्र, संसद सदस्य (लोकसभा) और नए विदेश सचिव डॉ. एस जयशंकर का स्वागत करने के पश्चात प्रो. लोकेश चन्द्र ने दोनों सांविधिक निकायों को भा.सां.सं.प. की अद्यतन गतिविधियों और 2015-16 की कार्य योजना के बारे में बताया । डॉ. एस. जयशंकर, प्रो. लोकेश चन्द्र और श्री सतीश चन्द मेहता, महानिदेशक, भा.सां.सं.प. ने भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् की गतिविधियों, नीति और योजना की ओर ध्यान दिलाया और भा.सां.सं.प. के अधिदेश के सुचारु कार्यान्वयन में सदस्यों के सहयोग की मांग की ।

## Governing Body and the General Assembly Meetings of ICCR

**The** Governing Body and the General Assembly of ICCR met on 17 February 2015 at Azad Bhawan, under the Chairmanship of new President, ICCR Prof. Lokesh Chandra. After welcoming the new members, Smt. Kirron Kher, MP (Lok Sabha) Shri Sidhant Mohapatra, MP (Lok Sabha) and the new Foreign Secretary Dr. S. Jaishankar, Prof. Lokesh Chandra briefed two statutory bodies of ICCR's latest activities and its Plan of Action for 2015 – 2016. Dr. S. Jaishankar, Prof. Lokesh Chandra and Satish C Mehta, Director General, ICCR drew attention to the ICCR's activities, policy & planning and sought cooperation of members in the smooth implementation of ICCR's Mandate.

## विदेशों में हमारे सांस्कृतिक केन्द्रों की गतिविधियां

### थाइलैंड

### आईसीसी बैंकॉक

### गणतंत्र दिवस समारोह

**भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र,** बैंकॉक ने भारतीय संघों से मिलकर 26 जनवरी, 2015 को भारत का गणतंत्र दिवस मनाने के लिए मिलकर सांस्कृतिक प्रस्तुति की ।

## From Our Cultural Centres Abroad

### Thailand

### ICC Bangkok

### Republic Day Celebrations

**The Indian Culture Centre** Bangkok in collaboration with Indian associations put together a cultural performance to celebrate India's Republic Day on 26 January 2015.

### भूटान

### एन डब्ल्यू सी सी, थिम्पू

### बौद्ध धर्म पर चर्चा

15 जनवरी, 2015 को एन.डबल्यू.सी.सी, थिम्पू ने भाषा एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान के निदेशक लोपेन लुंग्टन ग्यात्सो द्वारा बौद्ध धर्म पर चर्चा का आयोजन किया । लोपेन लुंग्टन ग्यात्सो "दि लाइट आफ माई लाइफ" पुस्तक के सह लेखक हैं और अंग्रेजी-द्जोनखा शब्दकोश के सह-लेखक और संपादक हैं और उन्होंने भाषा, संस्कृति और दर्शनशास्त्र पर कई लेख भी प्रकाशित किए हैं ।

### Bhutan

### NWCC, Thimphu

### Talk on Buddhism

**A** talk on Buddhism by Lopen Lungten Gyatsho, Director, Institute for Language and Cultural Studies was organized by NWCC Thimphu on 15 January 2015. Lopen Lungten Gyatsho has co-authored a book "The Light of My Life", co-authored and edited the "English – Dzonghka Dictionary", and has also published a number of articles on languages, culture and philosophy.

## संगीत-गोष्ठी





**26** जनवरी, 2015 को उस्ताद गुलाम अब्बास खान द्वारा प्रस्तुत सुगम शास्त्रीय संगीत का आयोजन किया गया । इस आयोजन में महामहिम रानी माताओं आसी दोरजी वांग्मो वांगचुक और आसी सांगे चोडेन वांग्चुक, राजकुमारी, भूटान के प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्रीगण, अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, राजनियकों और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया ।

## Music Concert

**A** light classical concert music by Ustad Ghulam Abbas Khan was organized on 26 January 2015. The performance was attended by Her Majesties the Queen Mothers Ashi Dorji Wangmo Wangchuck and Ashi Sangay Choden Wangchuck, Princess, Prime Minister of Bhutan, Cabinet Ministers, Representatives of International Organizations, Senior Government officials, Diplomats and other distinguished guests.

## चीन
## आई सी सी बीजिंग



### विश्व हिन्दी दिवस

**आईसीसी**, बीजिंग ने 10 जनवरी, 2015 को पीकिंग विश्वविद्यालय में "विश्व हिन्दी दिवस" मनाया । विश्वविद्यालय के छात्रों और प्रोफसरों ने आईसीसी द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया । सभी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र और हिन्दी संगीत की डीवीडी प्रदान किए गए ।

## China
## ICC Beijing

### World Hindi Day

**The** ICC Beijing celebrated the "World Hindi Day" at Peking University on 10 January 2015. Students and professors of the University took part in various competitions organized by the ICC. All participants were given certificates and Hindi music DVDs.





### गणतंत्र दिवस समारोह

**भारतीय** दूतावास, बीजिंग ने 26 जनवरी, 2015 को भारत का गणतंत्र दिवस मनाया । राजदूत अशोक के कांथा ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रपति का भाषण पढ़ा । आईसीसी ने एक लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आईसीसी के छात्रों ने देशभक्ति का गीत गाया और समकालीन नृत्य और पारंपरिक कथक के दो नृत्य प्रस्तुत किए ।

### Republic Day Celebration

**Embassy** of India, Beijing on 26 January 2015 celebrated India's Republic Day. Ambassador Ashok K. Kantha unfurled the Tricolor and read out the President's speech. ICC organized a small cultural programme in which students of the ICC sang patriotic song and gave two dance performances of Contemporary Dance and Classical Kathak Dance.

## गुयाना
## आई सी सी जार्जटाउन
### नृत्य महोत्सव



**आईसीसी,** जार्जटाउन के नृत्य शिक्षक श्री जयंत भगवती नें 28 जनवरी, 2015 को गुयाना अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र में 'फगवा मेला और बाजार तथा भारतीय लोक नृत्य महोत्सव' में प्रस्तुति की । कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों ने प्रस्तुति की सराहना की ।

## Guyana
## ICC Georgetown
### Dance Festival

**Shri** Jayanta Bhagwati, dance teacher at ICC Georgetown, performed in 'Phagwa Mela & Bazaar and Indian Folk Dance

Festival' at the Guyana International Conference Centre on 28 January 2015. The performance was appreciated by all present in the event.

## नीदरलैंड
### गांधी केन्द्र, हेग
### भारतीय व्यंजन महोत्सव




**गांधी** केन्द्र ने होटल क्राउन प्लाजा और भारत पर्यटन कार्यालय, एम्सटर्डम के सहयोग से होटल क्राउन प्लेस में 23-26 जनवरी, 2015 तक भारतीय व्यंजन महोत्सव का आयोजन किया । यह पहला भारतीय व्यंजन महोत्सव था जिसे शहर में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में भारत से पांच सितारा होटल के दो रसोइए शामिल हुए । इस महोत्सव में स्थानीय डच लोगों और महत्वपूर्ण सूरीनाम हिन्दुस्तानियों को प्रमुख भारतीय रसोइयों द्वारा बनाए गए प्रमाणिक भारतीय व्यंजनों के स्वाद का अवसर मिला ।

## Netherland
### The Gandhi Centre, The Hague
### Indian Food Festival

**The** Gandhi Centre, in collaboration with Hotel Crown Plaza, and India Tourism Office, Amsterdam organized an Indian Food Festival (IFF) at Hotel Crown Place in The Hague from 23 – 26 January 2015. This was the first IFF organized in the city. Two Chefs from Five Star Hotel from India participated in the event. The festival provided a great opportunity for local Dutch population and significant Suriname Hindustanis to relish the authentic Indian cuisine prepared by prominent Indian chefs.

### गांधी की झलक



**गांधी** केन्द्र, हेग में 30 जनवरी, 2015 को 'गाधी जी की झलक' नाम की एक फिल्म दिखाई गई । इस फिल्म को कुछ विदेशियों और भारतीयों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने देखा । फिल्म प्रदर्शन के बाद "गांधी जी के गुण" विषय पर लीडेन विश्वविद्यालय में भा.सां.सं.प. पीठ प्रो. प्रलय कानूनगो ने एक व्याख्यान दिया।

### Glimpses of Gandhi

**The** Gandhi Centre, screened a film 'Glimpses of Gandhiji' on 30 January 2015. The film was watched by a considerable number of people including some foreigners and Indian community. The screening was followed by a lecture on “The Essence of Gandhiji” by Prof. Pralay Kanungo, ICCR Chair at Leiden University.

## इंडोनेशिया
### जे एन आई सी सी जकार्ता
### नृत्य प्रदर्शन



**जे.एन.आई.सी.सी.**, जकार्ता के एक नृत्य शिक्षक और छात्रों ने 11 जनवरी, 2015 को इंडोसियर स्टूडियो में इंडोनेशियाई स्थानीय टी.वी.लाइव शो कार्यक्रम 'आई लाइक डंगदक' में प्रस्तुति की । इस कार्यक्रम का आयोजन इंडोनेशिया के विद्यालयों में सुविधाओं में सुधार के लिए चंदा एकत्र करने हेतु इंडोसियर द्वारा किया गया था । राजदूत गुरजीत सिंह और दूतावास के अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया ।

## Indonesia
### JNICC Jakarta
### Dance Performance

**A** dance teacher and students from JNICC Jakarta performed on an Indonesian local TV live show programme called “I like Dangdut” on 11 January 2015 at Studio Indosiar. The programme was organized by Indosiar to collect donations for improving the facilities in schools of Indonesia. Ambassador Gurjit Singh and Embassy officials attended the show.

### इंडोनेशिया मे भारत महोत्सव




**इंडोनेशिया** में भारत महोत्सव के उद्घाटन के संबंध में 14 जनवरी, 2015 को होटल जे डबल्यू मेरियट में एक संवाददाता सम्मेलन में

जे.एन.आई.सी.सी., के श्री जौहर अली, (संगीत शिक्षक) और सुश्री प्रतिष्ठा सारस्वत (नृत्य शिक्षक) ने अपने छात्रों के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किया। राजदूत गुरजीत सिंह और तिमोर लेस्ते ने 'सहाबत भारत' के नारे के साथ जिसका अर्थ विश्वसनीय, वफादार, सच्चा दोस्त है, इंडोनेशिया में भारत महोत्सव का शुभारंभ किया और भारत महोत्सव का लोगो, वीडियो और संगीत जारी किया। जनवरी से मई 2015 तक चलने वाले इस महोत्सव ने इंडोनेशिया के साथ भारत के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों की जीवंतता और ताकत को नए स्तर तक पहुंचाया है।

## Festival of India in Indonesia

**Shri** Johar Ali (music teacher) and Ms. Pratishtha Saraswat (dance teacher) from JNICC along with their students performed at a press conference on 14 January 2015 at Hotel JW Marriot in connection with the inauguration of Festival of India in Indonesia. Ambassador Gurjit Singh and Timor Leste launched the Festival of India in Indonesia with the slogan 'Sahabat India' meaning 'trustful, loyal, true friend' and released the logo, video and music of the Festival of India. The festival during January to May 2015 brought the vibrancy and vigour of India's social, economic and cultural engagement with Indonesia to a new level.

## नेपाल
## आई सी सी काठमांडू
## शास्त्रीय संगीत गोष्ठी





**आईसीसी,** काठमांडू ने समीर संगीत समाज और कपन संगीत सरोबार के साथ मिलकर 3 जनवरी, 2015 को एक शास्त्रीय संगीत गोष्ठी का आयोजन किया। पंडित बरुन कुमार पाल (हंस वीणा) और पंडित समीर चटर्जी (तबला) ने एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली जुगलबंदी का मंचन किया और इस के बाद आईसीसी, काठमांडू के तबला शिक्षक श्री समीर डे के एकल तबला वादन में श्री सालिकराम घिमरे ने हारमोनियम पर साथ दिया।

## Nepal
## ICC Kathmandu
## Classical Music Concert

**A** Classical Musical Concert was organized by ICC Kathmandu in association with Samir Sangeet Samaj & Kapan Sangeet Sarobar on 3 January 2015. Pandit Barun Kumar Pal (Hansa Veena) and Pandit Samir Chaterjee (Tabla) staged a mesmerizing instrumental jugalbandi followed by a solo Tabla performance by Shri Samir Dey, tabla teacher at ICC Kathmandu, accompanied by Shri Salikram Ghimire on Harmonium.

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या



**भारत** के 66वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 24 जनवरी, 2015 को नेपाल के भारतीय नागरिक संघ के सहयोग से आईसीसी, काठमांडू द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईसीसी, काठमांडू के छात्रों द्वारा देशभक्ति के गीतों तथा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम मे विभिन्न भारतीय व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए।

## Republic Day Eve

**ICC** Kathmandu in association with Indian Citizens Association of Nepal (ICAN), organized a cultural programme on the eve of the India's 66th Republic Day on 24 January 2015. Students of ICC Kathmandu presented patriotic songs, and Bharatanatyam dance recital. The event also showcased various Indian food stalls.

### कथक नृत्य की प्रस्तुति

**26** जनवरी, 2015 को गणतंत्र दिवस समारोह मनाने के लिए इंडिया हाऊस में भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् द्वारा प्रायोजित सुश्री मोमाला नायक और मंडली द्वारा प्रस्तुत कथक नृत्य का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान नेपाल के माननीय पूर्व उपराष्ट्रपति, नेपाल के माननीय पूर्व प्रधानमंत्री, मंत्रिगण, विभिन्न राजनियक मिशनों के प्रमुख और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## Kathak Dance Recital

**A** Kathak dance recital by Ms. Moumala Nayak and her troupe sponsored by ICCR was organized on 26 January 2015 at India House to mark the Republic Day celebration Former Hon'ble Vice President of Nepal, former Hon'ble Prime Minister of Nepal, Ministers, Heads of different Diplomatic Missions and dignitaries were present during the event.

## कज़ाकिस्तान
## आई सी सी अस्ताना
## अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव



**एक** अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव 'विंटर इवनिंग-राउंड दी वर्ल्ड' का आयोजन किया गया जिसमें भाग लेने वाले देशों की सांस्कृतिक विविधताओं को प्रदर्शित किया गया।

## Kazakhstan
## ICC Astana
## International Festival

**An** International Festival 'Winter Evening – Round the World' was organized in which the cultural diversities of participating countries was showcased.

### गणतंत्र दिवस समारोह



**आईसीसी,** अस्ताना ने 26 जनवरी, 2015 को भारत का 66वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जिसमें भारतीय पारंपरिक नृत्य केन्द्र, अल्माटी द्वारा भरतनाट्यम और कथक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति की गई ।

### Republic Day Celebrations

**ICC** Astana celebrated the 66th Republic Day of India on 26 January 2015. Colorful dance performances of Bharatanatyam and Kathak were presented by the artists from the Centre of Indian Classical Dance, Almaty.

## मलेशिया
## आई सी सी कुआलालम्पुर
## योग कार्यशाला

**आईसीसी,** कुआलालम्पुर ने ए.आई.एम.एस.टी विश्वविद्यालय, केदाह के सहयोग से 10 जनवरी, 2015 को विश्वविद्यालय परिसर में आईसीसी के योग शिक्षक श्री साहू द्वारा संचालित 'तनाव प्रबंधन और सकारात्मक स्वास्थ्य' संबंधी योग कार्यशालाओं का आयोजन किया ।





## Malaysia
## ICC Kuala Lumpur
## Yoga Workshop

**ICC** Kuala Lumpur in collaboration with AIMST University, Kedah organized Yoga workshops at the university campus on 10 January 2015 on 'Stress Management and Positive Health' conducted by Shri Sahoo, a yoga teacher at ICC.

### मलेशिया में भारत महोत्सव का शुभारंभ



**एच.सी.एल,** कुआलालम्पुर द्वारा मध्य मार्च से जून, 2015 तक मलेशिया में भारत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । उच्चायुक्त श्री टी.एस.त्रिमूर्ति द्वारा संबोधित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान महोत्सव के लोगो, फेसबुक और यू ट्यूब लिंक का शुभारंभ आईसीसी, कुआलालम्पुर परिसर में किया गया ।

### Launch of Festival of India in Malaysia

**HCI,** Kuala Lumpur, is organizing a 'Festival of India in Malaysia' from mid – March till June 2015. Festival's logo, Facebook and You Tube links were launch at ICC Kuala Lumpur premises during a press conference addressed by High Commissioner T.S. Tirumurti.

## मालदीव
## आई सी सी माले
## प्रदर्शनी: संयुक्त रंग

**भारत**-मालदीव स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आईसीसी, माले ने राष्ट्रीय कला केन्द्र के सहयोग से 26 जनवरी, 2015 को राष्ट्रीय कला दीर्घा में भारत, मालदीव और दक्षिण एशिया के युवा चित्रकारों द्वारा बनाए गए 33 चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसे 'सांस्कृतिक संगम-संयुक्त रंग' नाम दिया गया । इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय उच्चायुक्त श्री राजीव सहारे की उपस्थिति में मालदीव गणराज्य के आर्थिक विभाग मंत्री माननीय डॉ. मोहम्मद सईद द्वारा किया गया ।





## Maldives
### ICC Male
### Exhibition: United Colors

**ICC** Male, in collaboration with National Centre for the Arts, organized an exhibition of 33 paintings by Indian, Maldivian and South Asian young artists titled 'Cultural Confluence – United Colors' at the National Art Gallery on the occasion of India – Maldives Golden Jubilee Celebrations, on 26 January 2015. The exhibition was inaugurated by Dr. Mohamed Saeed, Hon'ble Minister for Economic Development, Government of the Republic of Maldives in presence of High Commissioner of India Rajeev Shahare.

### योग शिविर

**आईसीसी,** माले द्वारा 14 फरवरी, 2015 को महिला कला एवं शिल्प संघ के सहयोग से बंडोस द्वीप रिजार्ट में एक 'योग शिविर' का आयोजन किया गया। इस शिविर में बंडोस द्वीप रिजार्ट के मेहमानों सहित लगभग 25 योग छात्रों ने भाग लिया।





### Yoga Camp

**ICC** Male in collaboration with the Women's Arts and Crafts Association, organized a 'Yoga Camp' at Bandos Island Resort on 14 February 2015. The camp was attended by 25 Yoga students including guests of Bandos Island Resort.

### बालीवुड संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम





**आईसीसी,** माले द्वारा 19 फरवरी, 2015 को बालीवुड संगीत एवं नृत्य की एक संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एक समूह द्वारा प्रस्तुति की गई।

### Bollywood Music & Dance Programme

**ICC** Male organized an evening of Bollywood Music & Dance on 19 February 2015. A group sponsored by ICCR, New Delhi performed during the event.

## मैक्सिको
### जी टी आई सी सी, मेक्सिको शहर
### ध्वजारोहण समारोह





**जीटीआईसीसी,** मेक्सिको द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय दूतावास में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और 26 जनवरी, 2015 को ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय समुदाय द्वारा की गई प्रस्तुति, जी टी आई सी सी की हिन्दी कक्षा के छात्रों की प्रस्तुति और आईसीसी नृत्य शिक्षिका सुश्री केट असमारा की अपने छात्रों के साथ एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुति शामिल थीं।

## Mexico
### GTICC, Mexico City
### Flag Hoisting Ceremony

**A** cultural programme was organized by the GTICC Mexico on the eve of the Republic Day in the Embassy of India followed by a Flag Hoisting Ceremony on 26 January 2015. The event included performances by the members of Indian Community, performances by students of Hindi class at GTICC and a fascinating dance performance by ICC dance teacher Ms. Kate Asmara along with her students.

## त्रिनिदाद एवं टोबेगो
### एम जी आई सी सी, पोर्ट ऑफ स्पेन
### गांधी शहीदी दिवस आयोजन



**महात्मा** गांधी की 67 वीं पुण्यतिथि मनाने के लिए एम जी आई सी सी द्वारा सेन फर्नाडो सिटी कोआपरेशन के सहयोग से 'महात्मा गांधी का जीवन'नाम से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ 23 जनवरी, 2015 को सेन फर्नाडो के मेयर माननीय काजिम और उच्चायुक्त श्री गौरी शंकर गुप्ता की उपस्थिति में किया गया जो 30 जनवरी 2015 तक चली।

## Trinidad & Tobago
## MGICC, Port of Spain
## Gandhi Martyrdom Commemoration

**To** observe the 67th death anniversary of Mahatma Gandhi, an exhibition titled 'The life of Mahatma Gandhi' was organized by MGICC in association with San Fernando City Co-operation. The exhibition was inaugurated on 23 January in the presence of Mayor of San Fernando , His Worship, Kazim and High Commissioner Gauri Shankar Gupta which remained on display till 30 January 2015.

## दक्षिण कोरिया
## आई सी सी सियोल
## कथक कार्यशाला



**आईसीसी,** सियोल ने स्कूली छात्रों के लिए 11 जनवरी, 2015 को भारतीय कला संग्रहालय में, आईसीसी नृत्य शिक्षक श्री धीरेन्द्र तिवारी की विशेष कथक नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया।

## South Korea
## ICC Seoul
## Kathak Workshop

**ICC** Seoul organized a kathak dance workshop for school students by ICC dance teacher Shri Dheerendra Tiwari at Indian Arts Museum on 11 January 2015.




**आईसीसी,** सियोल ने 27 जनवरी, 2015 को भारतीय कला संग्रहालय में आईसीसी योग शिक्षक श्री हर्षवर्धन की एक योग कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें मियोंगजी विश्वविद्यालय के 'एशियन लीडर ट्रेनिंग सेन्टर' के छात्रों ने भाग लिया।

**ICC** Seoul organized a Yoga workshop at the Indian Arts Museum by ICC Yoga teacher Shri Harshvardhan on 27 January 2015 which was attended by students from the Asian Leader Training Center of Myeongji University.

## सूरीनाम
## आई सी सी पारामारिबो
## विश्व हिन्दी दिवस




**आईसीसी,** सूरीनाम ने विश्व हिन्दी दिवस, 2015 मनाने के लिए 17 जनवरी, 2015 को आईसीसी परिसर में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। राजदूत श्री एम. सुबाशिन ने हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा।

## Suriname
## ICC Paramaribo
## Vishva Hindi Divas

**ICC** Suriname organized Award Distribution function at the ICC premises on 17 January 2015 **to** mark the Vishva Hindi Divas 2015. Ambassador M. Subhashini read out PM's message on the occasion of Hindi Day.

## नृत्य कार्यक्रम

**आईसीसी,** सूरीनाम द्वारा 28 फरवरी, 2015 को संस्कृति निदेशालय के सहयोग से एक नृत्य कार्यक्रम 'नृत्यांजलि' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान आईसीसी कथक नृत्य शिक्षक ने छात्रों के साथ प्रस्तुति की।

## Dance Programme

**ICC** Suriname, in collaboration with Directoraat Cultuur, organized a dance programme 'Nrityanjali' on 28 February 2015. ICC Kathak dance teacher along with students performed during the event.

## उज़्बेकिस्तान
## एल बी एस आई सी सी, ताशकंद
## लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि




**लाल** बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देने के लिए एल बी एस आई सी सी, ताशकंद द्वारा 11 जनवरी, 2015 को मिरजो उलजबेक डिस्ट्रिक्ट हकीमीयात के सहयोग से एक समारोह का आयोजन किया गया। राजदूत विक्रम दोरैस्वामी ने अपने भाषण में लाल बहादुर शास्त्री की उपलब्धियों और सिद्धांतों तथा आज की दुनिया में उनके महत्व के बारे में जोर दिया। इस अवसर पर प्रमुख भारतविद्, शिक्षक, प्रमुख उज्बेक हस्तियां और पड़ौसी स्कूल के छात्र शामिल हुए।

## Uzbekistan
## LBSICC, Tashkent
## Homage to Lal Bahadur Shastri

**LBSICC** Tashkent, organized a function on 11 January 2015 in collaboration with Mirzo Ulugbek District Hakimiyat to pay homage to Shri Lal Bahadur Shastri. In his speech, Ambassador Vikram Doraiswami emphasized on the achievements and principles of Lal Bahadur Shastri and their significance in the present day world. The event was attended by eminent Indologists, teachers, prominent Uzbek personalities and pupils from neighborhood schools.

## जापान
## वी सी सी टोक्यो
## ध्वजारोहण समारोह





**वीसीसी,** टोक्यो ने 26 जनवरी, 2015 को चांसरी परिसर में 66वां गणतंत्र दिवस मनाया। राजदूत दीपा गोपालन वधवा ने ध्वजारोहण समारोह के बाद भारत के राष्ट्रपति का संदेश पढ़ा। इंडिया इंटरनेशनल स्कूल और ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र इस समारोह में शामिल हुए और उन्होंने देशभक्ति के गीत गाए। दूतावास के अधिकारी/कर्मचारी, उनके परिवार-जन तथा जापान में भारतीय समुदाय के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## Japan
## VCC, Tokyo
## Flag Hoisting Ceremony

**VCC** Tokyo celebrated 66th Republic Day at the chancery premises on 26 January 2015. Ambassador Deepa Gopalan Wadhwa read out the message of the President of India after the flag hoisting ceremony. Students from India International School and Global Indian International School joined the ceremony and sang patriotic songs. Embassy officials, their family members and members of Indian Community in Japan attended the event.

## विश्व हिन्दी दिवस

**वीसीसी,** टोक्यो ने 29 जनवरी, 2015 को दूतावास परिसर में विश्व हिन्दी दिवस मनाया। समारोह की शुरुआत राजदूत दीपा गोपालन वधवा द्वारा हिन्दी दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ने से हुई जिसके बाद वीसीसी में हिन्दी सीख रहे जापानी छात्रों ने हिन्दी में कविताएं सुनाई। हिन्दी प्रोफेसर श्री ताकेशी फूजी, जो कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे, ने सभा को संबोधित किया और टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ फॉरेन स्टडीज के प्रो. राम द्विवेदी ने हिन्दी भाषा में शिक्षण के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रस्तुतीकरण दिया।

## Vishva Hindi Divas

**VCC** Tokyo organized Vishva Hindi Divas on 29 January 2015 in the Embassy premises. The event began with reading of PM's message on Hindi Divas by Ambassador Deepa Gopalan Wadhwa which was followed by Hindi poem recital by Japanese students learning Hindi at VCC, address by Mr. Takeshi Fuji, Professor of Hindi and Chief guest of the event and a presentation on use of social media in Hindi Teaching by Prof. Ram Dwivedi from Tokyo University of Foreign Studies.

## हमारे क्षेत्रीय केन्द्रों से
## भोपाल



**आईसीसीआर,** भोपाल ने पीपुल्स युनिवर्सिटी, भोपाल के सहयोग से 20 जनवरी, 2015 को श्री सलेम अल्लाहवाले द्वारा सूफियाना (सूफी गायन) का आयोजन किया।

## From Our Regional Centres
## Bhopal

**ICCR** Bhopal, in association with Peoples University Bhopal, organized Sufiyana (Sufi Gayan) by Shri Salim Allahwale on 20 January 2015.

## चैन्नई



**आईसीसीआर,** चैन्नई ने श्री अरियाकुडी संगीत फाउंडेशन, चैन्नई के सहयोग से 31 जनवरी, 2015 को 'कथक नृत्य' कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके दौरान श्रीमती मंजरी करुलकर ने अपने शिष्यों के साथ प्रस्तुति की ।

## Chennai

**ICCR** Chennai, in collaboration with Shri Ariyakudi Music Foundation, Chennai organized a 'Kathak Dance' programme on 31 January 2015 during which Smt. Manjiri Karulkar performed with her disciples.

## कटक



**आईसीसीआर,** कटक ने उड़ीसा सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से 21 फरवरी, 2015 को सुश्री सोनाली महापात्र और उनके शिष्यों द्वारा प्रस्तुत एक ओड़िसी नृत्य का आयोजन किया ।

## Cuttack

**ICCR** Cuttack, in association with Department of Culture, Govt. of Odisha, organized an Odissi Dance Recital by Ms. Sonali Mohapatra and her disciples on 21 February 2015 .

## गोवा



**आईसीसीआर,** गोवा ने शांत स्वर भामा संगीत संस्था, बिचोलिम, गोवा के सहयोग से 11 जनवरी, 2015 को डॉ. वर्षा अग्रवाल की एक संगीत सभा (संतूर वादन) का आयोजन किया जिसमें तबला पर उनका साथ पंडित ललित महंत ने दिया ।

## Goa

**ICCR** Goa, in collaboration with Shaant Swar Bhahma Sangeet Saunstha, Bicholim, organized a Sangeet Sabha (Santoor Recital) by Dr. Varsha Agrawal on 11 January 2015 with Pt. Lalit Mahant as accompanist on Tabla.

## हैदराबाद

**आईसीसीआर,** हैदराबाद ने श्री गण सरस्वती संगीत और नृत्य अकादमी के सहयोग से 7 जनवरी, 2015 को त्यागराय गणसभा सभागार में श्री डी. श्रीनिवास 'वीणा विद्वानमणि' द्वारा वीणा वादन 'नृत्य वाद्य तरंगम' की प्रस्तुति और बाद में सुश्री पी.हेमावती 'नाट्य विशारद्' द्वारा प्रस्तुत ओड़िसी नृत्य का आयोजन किया ।



## Hyderabad

**ICCR** Hyderabad, in collaboration with Sri Gana Saraswathi Music & Dance Academy, organized 'Nritya Vadya Tarangam', Veena Recital performance by 'Veena Vidwanmani' Shri D. Srinivas on 7 January 2015 at Tyagaraya Gana Sabha Auditorium followed by Odissi Dance Recital 'Natya Visharada' by Ms. P. Hymavathi.

## जम्मू

**आईसीसीआर,** जम्मू ने आईआईआईएम, जम्मू के सहयोग से गुलज़ार, निदा फाज़ली, सुदर्शन फकीर, ताहिर फरज, शाहिद रामपुरी, मंसूर उस्मानी, अय्याज जिंझानवी और मंसूर उस्मानी जैसे शीर्ष कवियों की कविताओं का सुगम संगीत का कार्यक्रम 'सुरमयी शाम' आयोजित किया ।




## Jammu

**ICCR** Jammu, in collaboration with IIIM, Jammu, organized a programme of light music 'Surmayi Shaam' featuring lyrics of top poets like Gulzaar, Nida Fazli, Sudershan Fakir, Tahir Faraz, Shahid Rampuri, Mansoor Usmani, Aiyaaz Jinjhanwi and Mansoor Usmani.

## लखनऊ

**आईसीसीआर,** लखनऊ ने राष्ट्रीय कथक संस्थान के सहयोग से 9 जनवरी, 2015 को क्षितिज श्रृंखला कार्यक्रम के अंतर्गत श्री लालजी मौर्य द्वारा प्रस्तुत 'भोजपुरी लोक गीत' का आयोजन किया ।



## Lucknow

**ICCR** Lucknow, in collaboration with Rashtriya Kathak Sansthan organized a 'Bhojpuri Lok Geet' by Shri Lalji Maurya on 9 January 2015 under the Horizon Series Programme.

## पुणे



**आईसीसीआर,** पुणे ने 28 जनवरी, 2015 को अपनी क्षितिज श्रृंखला के अंतर्गत सुगम शास्त्रीय स्वर संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया । सुश्री दीपशिखा ने फरीदा खानम, चित्रा सिंह, आशा भोंसले आदि द्वारा गाई लोकप्रिय गजलों की प्रस्तुति की ।

## Pune

**ICCR** Pune, organized a Light Classical Vocal Music Programme under its Horizon Series on 28 January 2015. Ms. Deepshikha performed ghazals popularized by Farida Khanum, Chitra Singh, and Asha Bhosale.

## तिरुवनंतपुरम

**आईसीसीआर,** तिरुवनंतपुरम ने 29 नवंबर, 2014 को क्षितिज श्रृंखला कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीमती सुधा पीतांबरन, निदेशक श्री शंकर स्कूल आफ डांस, कालादी, केरल द्वारा प्रस्तुत मोहिनीअट्टम नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया ।



## Thiruvananthapuram

**ICCR** Thiruvananthapuram, organized a Mohiniyattam dance performance by Smt. Sudha Peethambaran, Director Sree Sankara School of Dance, Kaladi, Kerala on 29 November 2015 under Horizon Series Programme.

## कोलकाता

**आई सी सी आर,** कोलकाता ने सर्व भारतीय संगीत-ओ-संस्कृति परिषद् और गोकुल नाग मेमोरियल फाउंडेशन के सहयोग से 1 फरवरी, 2015 को 'सितार के साथ साठ वर्ष' सितार वादन कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।

## Kolkata




**ICCR** Kolkata, in collaboration with Sarbabharatiya Sangeet-O-Sanskriti Parisad & Gokul Nag Memorial Foundation presented a Sitar Recital programme 'Sixty Years with His Sitar' on 1 February 2015.

**प्रतिक्रिया/सम्पर्क सूत्र:**
मुद्रण: भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद्, आजाद भवन,
आई पी एस्टेट, नई दिल्ली - 110002
दूरभाष: 011-23379309, 23379310
वेबसाइट: www.iccr.gov.in
**आदान:पदम तलवार, वरिष्ठ कार्यक्रम निदेशक,**
**भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद्**
ई-मेल:splspd.iccr@nic.in
फेसबुक पर हम से संपर्क करें: www.facebook.com/iccr.newdelhi

**Feedback/Contact us:**
Printed by: Indian Council for Cultural Relations, Azad Bhavan,
I.P. Estate New Delhi – 110002 Tel: 011 – 23379309, 23379310
Website: www.iccr.gov.in
**Inputs: Padam Talwar, SPD, ICCR**
Email: splspd.iccr@nic.in,
Visit us on Facebook: www.facebook.com/iccr.newdelhi